बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-50
24/01/2025

मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 3.0 का किया उद्घाटन, प्रसिद्ध खिलाड़ियों को किया सम्मानित

पटना, 24 जनवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने होटल ताज में स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव 3.0 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष खेल विभाग द्वारा खेल क्षेत्र में हुयी उपलब्धियों पर आधारित वृतचित्र प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध खिलाड़ियों– पैरा ओलंपिक विजेता डॉ0 दीपा मलिक, ओलंपिक मेडल विजेता बॉक्सर श्री बिजेन्द्र सिंह, भारतीय हॉकी टीम के प्रसिद्ध पूर्व गोलकीपर श्री पी0आर0 श्रीजेश, भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच श्री हरेन्द्र सिंह, लगातार छह बार शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेनेवाले भारतीय खिलाड़ी श्री शिवकेशवन, बिहार निवासी पैरा ओलंपिक विजेता श्री शरद कुमार, अनसंग चैम्पियन श्री जयप्रकाश सिंह एवं मो0 रेयान को शाल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर खेल मंत्री श्री सुरेन्द्र मेहता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रवीन्द्र शंकरण सहित खेल विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*****